NT>

Title: Need to include the Satnami community in Madhya Pradesh and Chhatisgarh in the list of Scheduled Castes.

श्री पुन्नू लाल मोहले (बिलासपुर) : महोदय, मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ राज्य के अनुसूचित जाति एवं जनजाति पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग के अनुसूचित जाति के अनुसूची क्रमांक 14 पर चमार-चमारी, अहिरवार, मोची, रैदास, भंगी-मेहतर, रामनामी, सूर्यवंशी आदि जाति के साथ सतनामी जाति का उल्लेख है, जिस पर सतनामी जाति के लोगों की मांग है कि सतनामी जाति को इस अनुसूची क्रमांक 14 से पृथक कर अनुसूचित जाति के अनुसूची क्रमांक 14(अ) में सतनामी जाति का उल्लेख किया जाये। इस बाबत छत्तीसगढ़ राज्य सरकार द्वारा केन्द्र सरकार को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

अतः केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि सतनामी जाति की भावनाओं को ध्यान में रखते हुए सतनामी जाति को अनुसूची क्रमांक 14 से अलग कर अनुसूची क्रमांक 14(अ) में दर्ज किया जाये, जिससे उक्त सतनामी जाति गौरवान्वित हो सके।